कैलाशपति मिश्रा की पुण्यतिथि पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि

सिमरी के आशा पड़री में जुटे दिग्गज, तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर दी श्रद्धांजलि

बक्सर (आससे)। बिहार भाजपा के भीष्म पितामह कहे जाने वाले पूर्व राज्यपाल कैलाशपति मिश्रा की 14वीं पुण्यतिथि मंगलवार को सिमरी प्रखंड के आशा पड़री गांव में मनाई गई। इस मौके पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनके तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। साथ ही हाल ही में दिवंगत हुए पूर्व राज्यसभा सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता आरके सिन्हा को भी याद किया गया। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का आयोजन कैलाशपति मिश्रा स्मृति सेवा संस्थान, बक्सर के तत्वावधान में किया गया। इसमें भाजपा के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि के साथ हुई। अध्यक्षता संस्थान के जिला संयोजक हरेंद्र ठाकुर ने की, जबकि मंच संचालन चक्की



मंडल अध्यक्ष विनोद कुमार उपाध्याय ने किया। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार सिंह ने कहा कि कैलाशपति मिश्रा सादगी, ईमानदारी और सिद्धांतों की राजनीति के प्रतीक थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन संगठन और राष्ट्रसेवा के लिए समर्पित कर दिया। कठिन परिस्थितियों में भी उन्होंने अपने सिद्धांतों से समझौता नहीं किया। वे कार्यकर्ताओं को परिवार का सदस्य मानते थे। उनका जीवन आज भी पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत है।

पूर्व जिलाध्यक्ष राजवंश सिंह ने कहा कि बिहार में भाजपा को गांव-गांव तक पहुंचाने और मजबूत कार्यकर्ताओं की टोली तैयार करने में कैलाशपति मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा। वे सत्ता और पद से अधिक संगठन तथा विचारधारा को महत्व देते थे। राजनीति का वास्तविक उद्देश्य समाज और राष्ट्र की सेवा होना चाहिए, यह उनके जीवन से सीखने को मिलता है। पूर्व प्रदेश मंत्री पूनम रविदास ने भी उनके व्यक्तित्व और संगठन के प्रति योगदान को याद किया। वहीं, भाजपा जिला प्रवक्ता श्रीकांत तिवारी, बीस सूत्री सदस्य बबलू ओझा, वरिष्ठ नेता दिलीप मिश्रा और डुमरी मंडल अध्यक्ष बंशीधर पांडेय ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के अंत में बगेन मंडल अध्यक्ष उदय उज्जैन ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनिल पांडेय, जिला मंत्री राजू यादव, जिला प्रवक्ता कमलेश सिंह, सुनील राम, पूर्व मुखिया मुन्ना सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पाठक, नियाजीपुर मंडल अध्यक्ष आतिश लाल, वीर बहादुर राय, नीरज श्रीवास्तव, सोनू दुबे, लक्ष्मण श्रीवास्तव, मंजी पासवान, गुड्डू राय सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सास-पतोह के विवाद में पुलिस ने पहले घर से निकाला फिर कराया दाखिल

बिना मजिस्ट्रेट और न्यायिक आदेश के कार्रवाई पर उठे सवाल

बक्सर (आससे)। सास-पतोह के बीच चल रहे विवाद में मुफस्सिल थाने की पुलिस बुधवार की शाम खुद ही सवालों के घेरे में आ गई। पांडेय पट्टी की नई बस्ती में एक महिला को पुलिस ने पहले उसके घर से बाहर निकाल दिया। उसके छोटे भाई को हिरासत में भी ले लिया। लेकिन करीब डेढ़ घंटे बाद पुलिस को अपना फैसला बदलना पड़ा। रात आठ बजे उसी महिला को दोबारा घर में दाखिल करा दिया गया। वहीं, हिरासत में लिए गए उसके भाई को भी छोड़ दिया गया। इस पूरे घटनाक्रम को लेकर मोहल्ले में काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा।

मामला चिंतामणि कुमारी और उनकी सास अनुसूइया पांडेय के बीच मकान को लेकर चल रहे विवाद से जुड़ा है। चिंतामणि की शादी दिसंबर 2022 में कैमूर जिले के पजरांव निवासी मृत्युंजय पांडेय के पुत्र राहुल कुमार पांडेय से हुई थी। शादी के बाद वह अपनी ससुराल पांडेय पट्टी स्थित मकान में रहने लगीं। यह मकान उनकी सास अनुसूइया पांडेय के नाम पर है। कुछ समय बाद सास-पतोह के बीच विवाद शुरू हो गया। इसके बाद अनुसूइया ने चिंतामणि को घर से बाहर कर दिया था।

न्याय की गुहार लगाते हुए चिंतामणि ने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। उन्होंने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा से भी शिकायत की थी। बताया जाता है कि महिला आयोग ने मई महीने में बक्सर एसपी को पत्र भेजा था। इसके बाद 18 मई 2026 को मुफस्सिल थाने की पुलिस ने दरोगा रहमान खान की मौजूदगी में चिंतामणि और उनकी गोद में मौजूद मासूम बच्ची को दोबारा घर में प्रवेश कराया था।

इधर, मकान पर मालिकाना हक को लेकर अनुसूइया पांडेय ने भी मुफस्सिल थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। इसी शिकायत के आधार पर बुधवार की शाम करीब 6:30 से 7 बजे के बीच थानाध्यक्ष गुड्डू चौधरी, दरोगा मनोज कुमार, दरोगा रहमान खान समेत कई पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने चिंतामणि को बच्ची समेत घर से बाहर निकाल दिया। इस दौरान उनके छोटे भाई दीपक चौबे को हिरासत में ले



लिया गया।

पुलिस की इस कार्रवाई की जानकारी मिलते ही चिंतामणि के बड़े भाई और कांग्रेस नेता सह अधिवक्ता राहुल चौबे मौके पर पहुंच गए। उन्होंने कार्रवाई का विरोध किया। देखते ही देखते मोहल्ले के लोगों की भीड़ जुट गई। राहुल चौबे ने राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा मिश्रा और शाहाबाद क्षेत्र के डीआईजी से भी शिकायत की।

इसके बाद रात करीब आठ बजे थानाध्यक्ष गुड्डू चौधरी के मोबाइल पर किसी का फोन आया। बातचीत के बाद पुलिस ने अपना रुख बदल लिया। चिंतामणि को दोबारा घर में प्रवेश करा दिया गया। वहीं, अनुसूइया पांडेय को वहां से जाने को कहा गया। हिरासत में लिए गए दीपक चौबे को भी छोड़ दिया गया।

इस पूरे मामले में पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। अधिवक्ता राहुल चौबे का कहना है कि जब मकान का विवाद न्यायालय में विचाराधीन है तो पुलिस किस अधिकार से इस तरह की कार्रवाई कर सकती है? उनका आरोप है कि बिना मजिस्ट्रेट की तैनाती और सूर्यास्त के बाद महिला को घर से निकालना उचित नहीं है। उन्होंने मामले को लेकर वरीय पुलिस अधिकारियों और न्यायालय में शिकायत करने की बात कही है।

वहीं, थानाध्यक्ष गुड्डू चौधरी ने बताया कि अनुसूइया पांडेय की शिकायत पर पुलिस कार्रवाई करने पहुंची थी। जब उनसे पूछा गया कि कार्रवाई किस आदेश के तहत की गई, तो उन्होंने कहा कि फिलहाल चिंतामणि कुमारी जिस घर में रह रही हैं, उसके पक्ष में उनके पास कोई न्यायिक आदेश नहीं है। दूसरी ओर, अनुसूइया पांडेय का कहना है कि उन्होंने वर्ष 2018 में अपने नाम से यह मकान खरीदा था। चिंतामणि का ससुराल कैमूर के पजरांव में है। उन्हें वहीं अपने हिस्से की मांग करनी चाहिए। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और गाली-गलौज करने का आरोप भी लगाया।

20 लाख की फर्जी एफडीआर थमाकर लिया था लोन

ग्रामीण बैंक मैनेजर की शिकायत पर पुलिस का एक्शन

बक्सर (आससे)। खाते में फूटी कौड़ी नहीं, लेकिन कागज पर खुद को लाखों का मालिक बताकर बैंक को ही चूना लगा दिया। जिले में फर्जीवाड़े का एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक %नटवरलाल% ने जाली फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद और सरकारी विभाग के फर्जी कागजात के सहारे ग्रामीण बैंक को 18 लाख रुपये की चपत लगा दी। हालांकि, खेल ज्यादा दिन नहीं चला। इटाढ़ी पुलिस ने जालसाज को दबोचकर जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इटाढ़ी थाना क्षेत्र के इंदौर गांव निवासी रवि प्रकाश मौर्य (पिता- हरि प्रसाद सिंह) के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, मामला सितंबर 2023 का है। रवि ने स्थानीय ग्रामीण बैंक की शाखा में 20 लाख 76 हजार रुपये की एक एफडीआर (संख्या- 6949310381) पेश की। बैंक ने इस एफडीआर को असली मान लिया और इसके एवज में उसे 18 लाख रुपये का डिमांड लोन जारी कर दिया। लोन की रकम निकलने के बाद जब बैंक ने आंतरिक जांच और दस्तावेजों का मिलान किया, तो पैरों तले जमीन खिसक गई। जिस एफडीआर पर लाखों का लोन दिया गया था, वह पूरी तरह फर्जी निकली।

जांच में सामने आया कि आरोपी ने शातिराना अंदाज में बैंक अधिकारियों के



फर्जी हस्ताक्षर बनाए थे। बैंक की नकली मुहर का इस्तेमाल किया था। लोन को पक्का दिखाने के लिए कार्यपालक अभियंता, लोक निर्माण विभाग रायपुर (छत्तीसगढ़) के नाम से फर्जी सरकारी पत्र भी तैयार कर लिया था। धोखाधड़ी की पुष्टि होते ही बकसड़ा ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक रोहित दयाल ने इटाढ़ी थाने में नामजद शिकायत दर्ज कराई। इटाढ़ी थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि बैंक और सरकारी विभाग के साथ सुनियोजित साजिश रचकर धोखाधड़ी करने के मामले में आरोपी रवि प्रकाश मौर्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। मेडिकल जांच कराने के बाद उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

पिकअप की टक्कर से वृद्ध की मौत

बक्सर (आससे)। बासुदेवा थाना क्षेत्र के एनएच-120 पर मुकुंदडेरा गांव के समीप बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 65 वर्षीय वृद्ध की मौत हो गई। सड़क पार कर रहे वृद्ध को एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक पिकअप समेत मौके से फरार होने में कामयाब रहा।

मृतक की पहचान मुकुंदडेरा गांव निवासी सुभाष राय के रूप में हुई है। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार, सुभाष राय घर के पास ही सड़क पार कर रहे थे, तभी यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनके सिर में गंभीर चोटें आईं। घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों और परिजनों ने तुरंत सूझबूझ दिखाते हुए घायल वृद्ध को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नावानगर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया। हालांकि, सदर अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

लोकतंत्र की मजबूती के लिए युवाओं ने भरी हुंकार, 350 से अधिक ने ली शपथ

बक्सर (आससे)। विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भागीदारी बढ़ाने और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य



से मंगलवार को राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बक्सर में 'विकसित भारत युवा संवाद' का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत और युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में 350 से अधिक छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान युवाओं ने लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा, जागरूक मतदान और जिम्मेदार नागरिक बनने की शपथ ली। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक आनंद मिश्र शामिल हुए। वहीं उप विकास आयुक्त निहारिका छवि, युवा लीडर एवं मेरा युवा भारत के यूथ आइकॉन विजय लक्ष्मी और जिला युवा पदाधिकारी संजना वत्स भी मौजूद रहीं। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राम नरेश राय ने कहा कि युवा किसी भी देश की सबसे बड़ी ताकत होते हैं। लोकतंत्र को मजबूत बनाने में उनकी भूमिका अहम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने अधिकारों के साथ नागरिक कर्तव्यों को भी समझने की अपील की। कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में युवाओं की ऊर्जा और सोच महत्वपूर्ण साबित होगी। मुख्य अतिथि आनंद मिश्र ने भी युवाओं को लोकतांत्रिक व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। उन्होंने नागरिक जिम्मेदारियों को समझने और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विजय लक्ष्मी के साथ आयोजित संवाद सत्र खास रहा। इसमें छात्र-छात्राओं ने खुलकर सवाल पूछे। युवाओं ने सुशासन, लोकतांत्रिक व्यवस्था, नागरिक जिम्मेदारी और पहली बार मतदान करने वालों की भूमिका पर अपनी जिज्ञासाएं रखीं। अतिथियों ने उनके सवालों का जवाब दिया और अपने अनुभव साझा किए।? अंत में सभी प्रतिभागियों ने लोकतांत्रिक शपथ लेकर जागरूक मतदान और जिम्मेदार नागरिकता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। कार्यक्रम का संचालन सफल बनाने में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. आरएन यादव, सहायक प्राध्यापक आकृति और गौतम कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। धन्यवाद ज्ञापन डॉ. आरएन यादव ने किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने डा. राजेश सिन्हा के पिता को दी श्रद्धांजलि

बक्सर (आससे)। भाजपा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश सिन्हा के पिता स्व. फूलन प्रसाद श्रीवास्तव के



निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने मंगलवार की शाम बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी बक्सर पहुंचे। उन्होंने डॉ. राजेश सिन्हा के आवास पर पहुंचकर दिवंगत फूलन प्रसाद श्रीवास्तव के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने शोक संतप्त परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।

प्रदेश अध्यक्ष के साथ भाजपा के कई वरिष्ठ नेता भी मौजूद रहे। इनमें प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज सिंह, संतोष रंजन राय, संतोष पाठक, प्रदेश मंत्री प्रभाकर मिश्रा, सदर विधायक आनंद मिश्र और भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन शामिल रहे। सभी नेताओं ने दिवंगत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। साथ ही इस कठिन समय में डॉ. राजेश सिन्हा और उनके परिवार को ढांढ़स बंधाया।

बाल श्रम के खिलाफ बड़ी कारवाई

ब्रह्मपुर प्रखंड से एक बाल श्रमिक मुक्त

बक्सर (आससे)। श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग तथा जिला पदाधिकारी के निर्देश पर जिला प्रशासन ने बाल श्रम के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बुधवार को एक बड़ी कार्रवाई की। बुधवार को विशेष धावा दल द्वारा ब्रह्मपुर प्रखंड क्षेत्र में औचक छापेमारी की गई, जिसके दौरान एक बाल श्रमिक को मुक्त कराया गया। यह अभियान श्रम विभाग, स्थानीय पुलिस और सामाजिक संस्थाओं के संयुक्त समन्वय से चलाया गया। धावा दल में ब्रह्मपुर, नावानगर, चौगाई और सिमरी के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी शामिल थे।

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय अंतर्गत कनीय सचिवालय सहायक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या-01/2026 का प्रकाशन बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा किया गया है, जिसे सभी सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है:-

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तथा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारम्भिक तिथि एवं समय	07.11.2026 (11:00 बजे पूर्वा.)
2.	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	06.12.2026
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	06.12.2026

नोट:-

1. उपर्युक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विस्तृत आवश्यक निर्देश बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in/पर उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन करने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली-भांति अध्ययन कर लेंगे।
3. उपर्युक्त पद के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायगा, जिसे बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

बिहार विधान सभा सचिवालय अंतर्गत कार्यालय परिचारी के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा हेतु विज्ञापन संख्या-02/2026 का प्रकाशन बिहार विधान सभा सचिवालय द्वारा किया गया है, जिसे सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in पर देखा जा सकता है:-

ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से संबंधित तिथि एवं अन्य निर्देश निम्नांकित है:-

1.	रजिस्ट्रेशन (पंजीकरण) तथा ऑनलाइन आवेदन करने की प्रारंभिक तिथि एवं समय	07.11.2026 (11:00 बजे पूर्वा.)
2.	ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि	06.12.2026
3.	परीक्षा शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि	06.12.2026

नोट:-

1. उपर्युक्त प्रतियोगिता परीक्षा के लिए सुयोग्य भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने हेतु विस्तृत आवश्यक निर्देश बिहार विधान सभा सचिवालय के वेबसाइट https://vidhansabha.bihar.gov.in/पर उपलब्ध है।
2. अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व वेबसाइट पर प्रदर्शित विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन करने हेतु आवश्यक एवं विस्तृत निर्देश का भली-भांति अध्ययन कर लेंगे।
3. उपर्युक्त पद के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगिता परीक्षा के कार्यक्रम के संबंध में सूचना का प्रकाशन अलग से किया जायगा, जिसे बिहार विधान सभा के वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

ह./-जय प्रकाश दूबे
अवर सचिव
बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना

मालदा टाउन-शकूरबस्ती-मालदा टाउन स्पेशल ट्रेन

उत्सव के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को संभालने के लिए, 03439/03440 **मालदा टाउन-शकूरबस्ती-मालदा टाउन** स्पेशल ट्रेन निम्नलिखित संक्षिप्त समयसूची, ठहराव, आवागमन की तिथियों और गठन के अनुसार चलेगी:-

मालदा टाउन-शकूरबस्ती (03439) (03440)				शकूरबस्ती-मालदा टाउन		
तिथि	आ.	प्र.	स्टेशन	आ.	प्र.	तिथि
10.11.26	–	10.00	मालदा टाउन	01.45	–	13.11.26
	12.50	12.55	साहिबगंज	22.25	22.30	12.11.26
	14.45	14.55	भागलपुर	20.55	21.05	
	16.05	16.10	जमालपुर	19.15	19.20	
	17.35	17.40	किऊल	17.50	17.55	
11.11.26	17.00	–	शकूरबस्ती	–	18.50	11.11.26

उपर्युक्त स्पेशल ट्रेनें दोनों दिशाओं में मार्ग में न्यू फरक्का, बड़हरवा, कहलगांव, सुल्तानगंज, अभयपुर, मोकामा, बख्तियारपुर, राजेंद्र नगर टर्मिनल, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूण्डला और दिल्ली स्टेशनों पर भी रुकेंगी। **चलने के दिन/तिथि: मालदा टाउन से-**03439 दिनांक 10/11/2026 (मंगलवार) को = 01 ट्रिप और **शकूरबस्ती से-**03440 दिनांक 11/11/2026 (बुधवार) को = 01 ट्रिप। **गठन:** एसी 3 टियर-06, शयनयान श्रेणी-08, साधारण द्वितीय श्रेणी (एलएस) - 06, एलएसएलआरडी-01 और पावर कार-01 = कुल 22 कोच। **कैटेगरी:** मेल/एक्सप्रेस।

मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक

पूर्व रेलवे

पूर्वोत्तर रेलवे

अधिसूचना सं.: 193/2026

रेल यात्री बन्धुओं के लिये आवश्यक सूचना



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करने हेतु निम्नलिखित विशेष गाड़ी का संचलन निम्नवत किया जायेगा।

गाड़ी सं. 08021/08022 शालीमार-थावे-शालीमार त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 08021 शालीमार से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06-11-2026 से 20-11-2026 तक = 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 08022 थावे से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 07-11-2026 से 21-11-2026 तक = 03 ट्रिप

गाड़ी संख्या 08021 शालीमार-थावे		स्टेशन	गाड़ी संख्या 08022 थावे-शालीमार	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	10:15	शालीमार	03:30	-
10:30	10:35	सांतरागाछी	02:45	02:47
11:37	11:40	डानकुनि	00:47	00:50
12:30	12:33	बर्द्धमान	23:41	23:44
13:31	13:33	दुर्गापुर	22:16	22:18
14:05	14:10	आसनसोल	21:45	21:47
14:34	14:36	चित्तरंजन	21:15	21:17
15:14	15:16	मधुपुर	20:20	20:22
15:40	15:42	जसीडीह	19:48	19:50
16:45	16:50	झाझा	19:05	19:10
17:35	17:37	किऊल	17:10	17:12
19:15	19:25	बरौनी	15:20	15:30
20:25	20:27	शाहपुर पटोरी	13:25	13:27
21:10	21:15	हाजीपुर	12:35	12:40
21:25	21:27	सोनपुर	12:15	12:17
01:30	01:32	खैरा	10:43	10:45
01:45	01:47	मढ़ौरा	10:28	10:30
02:00	02:02	मशरख	10:12	10:14
02:23	02:25	दीघवा दुबौली	09:48	09:50
03:00	03:02	गोपालगंज	09:12	09:14
04:00	-	थावे	-	09:00

रेक संरचना: शयनयान-13, सामान्य द्वितीय श्रेणी-04, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

गाड़ी सं. 08629/08630 रांची-गोरखपुर-रांची त्योहार विशेष गाड़ी

गाड़ी सं. 08629 रांची से प्रत्येक वृहस्पतिवार को दिनांक 05-11-2026 से 19-11-2026 तक = 03 ट्रिप
गाड़ी सं. 08630 गोरखपुर से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 06-11-2026 से 20-11-2026 तक = 03 ट्रिप

गाड़ी संख्या 08629 रांची-गोरखपुर		स्टेशन	गाड़ी संख्या 08630 गोरखपुर-रांची	
आगमन	प्रस्थान		आगमन	प्रस्थान
-	11:35	रांची	07:55	-
12:43	12:45	मुरी	06:33	06:35
13:45	13:50	बोकारो स्टील सिटी	05:05	05:10
14:28	14:30	चंद्रपुरा	04:36	04:38
15:42	15:50	धनबाद	02:28	02:35
17:10	17:12	चित्तरंजन	00:18	00:20
18:00	18:02	मधुपुर	23:35	23:37
18:25	18:27	जसीडीह	23:08	23:10
19:30	19:35	झाझा	22:30	22:35
20:20	20:22	किऊल	20:08	20:10
22:00	22:10	बरौनी	18:30	18:40
23:00	23:02	शाहपुर पटोरी	17:10	17:12
00:20	00:22	हाजीपुर	16:20	16:25
00:35	00:37	सोनपुर	16:08	16:10
03:05	03:10	छपरा	13:55	14:00
04:00	04:05	सीवान	11:45	11:50
04:43	04:45	भटनी	10:10	10:12
05:06	05:08	देवरिया सदर	09:38	09:40
06:25	-	गोरखपुर	-	08:35

रेक संरचना: सामान्य द्वितीय श्रेणी-02, शयनयान-15, वातानुकूलित तृतीय-02, वातानुकूलित द्वितीय-01, एसएलआरडी-02 = कुल 22 कोच।

मुजाधि/टी-78B मुख्य यात्री परिवहन प्रबन्धक, गोरखपुर

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

GOVT. OF BIHAR

BIHAR COMBINED ENTRANCE COMPETITIVE EXAMINATION BOARD

I.A.S. Association Building, Near Patna Airport, Patna-14.

Website : bceceboard.bihar.gov.in / Helpdesk : helpdesk.bceceboard@bihar.gov.in

UNDER GRADUATE MEDICAL ADMISSION COUNSELLING (UGMAC)-2026 for MBBS/ BDS/ B.V.Sc. & A.H./ B.F.Sc. in Govt. Medical / Dental / Veterinary Colleges / College of Fisheries and Private Medical / Dental Colleges of Bihar

Adv. No.- BCECEB(UGMAC)-2026/19 Dated 03.11.2026

Notice for Special Stray Vacancy Round for MBBS and Round-5 for BDS / B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. Online Application & Choice Filling

Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling after Stray Vacancy Round are invited from such qualified, eligible & interested NEET(UG)-2026 candidates for appearing in the Special Stray Vacancy Round Online Counselling of Under Graduate Medical Admission Counselling (UGMAC)-2026, who have not done the Registration and submission of Online Application or who has completed their registration process but did not duly submit Online Application with payment of requisite Counselling Fee & Security Deposit against Adv. No. BCECEB(UGMAC)-2026/01 & 2026/02 Dated 07.08.2026, 2026/05 Dated 11.09.2026, 2026/07 Dated 15.09.2026, 2026/08 Dated 17.09.2026 & 2026/09 Dated 30.09.2026 , 2026/14 , 2026/15 Dated 18.10.2026 & 2026/16 Dated 22.10.2026 and are not admitted in any Medical / Dental Colleges of India, for admission to the first year UG Medical / Dental Courses (MBBS / BDS) in Government / Private Medical / Dental Colleges and B.V.Sc. & A.H. / B.F.Sc. courses in Govt. Veterinary / Fisheries Colleges of Bihar state based on the Rank of UGMAC-2026 prepared on the basis of All India Rank of NEET(UG)-2026 on the vacant seats available after admission on the basis of UGMAC-2026 Online Stray Vacancy Round Counselling held from 29.10.2026 to 31.10.2026.

Consent is also invited from eligible candidates who have already duly submitted the Online Application form earlier and fall under the condition mentioned in para-15 of the Adv.No.-BCECEB(UGMAC)-2026/18 dated 03.11.2026 uploaded on Board's website.

2. Updated Seat Matrix of vacancies after completion of Stray Vacancy Round Counselling is available on Board's website: **bceceboard.bihar.gov.in**. If any further vacancies arise due to non joining of candidates on their Stray Vacancy Round Counselling allotted seat etc., the Updated Seat Matrix will be uploaded on the Board's website. The candidate must see it before Online Registration & Submission of Application-cum-Choice filling / submitting their Consent / editing of choices for Online Counselling.

3. The online Registration & submission of Application-cum-Choice Filling / Editing of Application Form data / Editing of Choices **will start from 04.11.2026**.

4. Eligibility criteria for counselling / admission Fee payment precedure, instructions and other details for filling up online applications form-cum-choice filling are available in the Prospectus of UGMAC-2026 and the **related Advertisement No.-BCECEB(UGMAC)-2026/18 dated 03.11.2026, which can be seen / downloaded from the Board's website: bceceboard.bihar.gov.in.**

Controller of Examination